卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 261 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦2 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## तीसरी बार पीएम बनना विपक्ष को नहीं हो रहा बर्दाश्त–मोदी

### एनडीए की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों को संसदीय नियमों और आचरण का पढ़ाया पाठ

नई दिल्ली( उद ब्यूरो )प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एनडीए सांसदों के साथ बैठक की। इस बैठक में प्रधानमंत्री ने एनडीए सांसदों को संसदीय नियमों और संसदीय आचरण का पालन करने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष एक गैर कांग्रेसी नेता का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना बर्दाश्त नहीं कर पा रहा है। एनडीए सांसदों की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विपक्ष इस बात से परेशान है कि पहली बार एक गैर–कांग्रेसी नेता, वह भी एक चायवाला, लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बना है। नेहरू–गांधी परिवार पर कटाक्ष करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि श्कांग्रेस के सदस्य प्रधानमंत्री हुआ करते थे तथा अपने दायरे से बाहर के लोगों को बहुत कम मान्यता देते थे। कांग्रेस के सबसे प्रमुख परिवार से बाहर से आए प्रधानमंत्रियों के योगदान को नजरअंदाज किया जाता था, उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में यह सुनिश्चित किया कि उन सभी को मान्यता मिले क्योंकि प्रत्येक ने किसी न किसी तरह से देश के लिए योगदान दिया है। एनडीए सांसदों की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए सांसदों से वरिष्ठ सदस्यों से संसद की सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में सीखने की अपील की। पीएम मोदी की यह अपील राहुल गांधी के लोकसभा में सोमवार को दिए भाषण के बाद सामने आई है, जिसे एनडीए ने सबसे गैर जिम्मेदाराना भाषण करार दिया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों से संसदीय मुद्दों का अध्ययन करने, नियमित रूप से संसद में उपस्थित रहने तथा अपने निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित मामलों को प्रभावी ढंग से उठाने को कहा। जब किरेन रिजिजू से पूछा गया कि क्या प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को लोकसभा में दिए गए राहुल गांधी के भाषण का जिक्र किया? तो इस पर रिजिजू ने कहा कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा, लेकिन जब देश के प्रधानमंत्री बोलते हैं, तो संदेश सभी के लिए होता है। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में भाजपा पर जोरदार हमला किया था, जिसमें सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं पर( शेष पृष्ठ सात पर )



## पत्नी से झगड़े के बाद पति ने फांसी लगाकर दी जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिनेशपुर के ग्राम पिपलिया नम्बर एक में गत रात्रि किसी बात को लेकर पति पत्नी के मध्य हुए झगड़े के बाद पति ने कमरें में जाकर फांसी लगा ली । जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम पिपलिया नम्बर एक निवासी 27 वर्षीय सूरज ढ़ाली पुत्र दीपक रूद्रपुर में एक प्रिंटिंग प्रेस में काम करता था। गत रात्रि किसी बात को लेकर दीपक का उसकी पत्नी रीता से झगड़ा हो गया। जिसके बाद दीपक अपने कमरे में चला गया और फांसी लगा ली। परिजन जब उसके कमरे में गया तो उन्होंने उसे फांसी पर लटका देखा तो शोर मचा दिया। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक दो बहिनों का इकलौता भाई था। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस का कहना है कि अभी इस मामले में कोई तहरीर नही दी गई है। तहरीर देने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## करंट लगने से पुलभट्टा थाने के एएसआई की मौत

किच्छा (उद संवाददाता)। थाना पुलभट्टा मे तैनात अपर उप निरीक्षक सुरेश पसबोला की आज प्रातः करंट लग जाने से उस समय मौत हो गई जब वह नहाने के बाद गीले कपड़ों समीप ही दीवार पर रख रहे थे। अचानक हुई इस घटना से थाना परिसर सहित पुलिस महकमे में शोक छा गया। एएसआई सुरेश पासबिला परिसर मे स्थित बैरक मे निवास करते थे। प्रातः लगभग 8.15 बजे नित्यक्रम करने के पश्चात स्नान करते हेतु थाना परिसर मे स्थित टंकी के पास कपडे व जूते धुलाई के पश्चात जूतो के सुखाने हेतु पास मे स्थित दीवार पर रख रहे थे। इसी दौरान उसी दीवार से सटे हुए लोहे का सोलर लाईट पोल लगा हुआ है। जिस पर प्रकाश व्यवस्था हेतु मरकरी लाईट आदि लगायी गयी है। बारिश होने के कारण उक्त पोल पर विधुत करन्ट फैल गया था। एंव अउनि सुरेश पसबोला के पोल मे फैले करन्ट की चपेट मे आ जाने से घायल होने के कारण मौके पर गिर गये। मौके पर थाने मे नियुक्त हेका. अशरफ खान व का. चारू पन्त द्वारा उनको उठाने की कोशिश की गयी तो उन्हे भी करन्ट महसूस हुआ । मौके पर अन्य कर्मचारी गण हेका. धरमवीर सिह, हेका. गोविन्द चन्द,का. दीपक विष्ट, भी आये जिनके द्वारा लकडी की मदद से( शेष पृष्ठ सात पर )



मृतक एएसआई सुरेश



## डीएम की दो टूक,अतिमणकारियों को जाना ही होगा

### आशियाने बचाने को नदी किनारे बसे लोगों ने डीएम से लगाई गुहार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर निगम प्रशासन द्वारा कल्याणी नदी के चौड़ीकरण करने को लेकर नदी के दोनों ओर बसे भवन स्वामियों को भवन हटा लेने के नोटिस दिए जाने के बाद से हजारों परिवारों में हड़कंप मचा हुआ है और वह रोजाना जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों के समक्ष अपने आशियाने बचाने की गुहार लगा रहे हैं। आज कल्याणी नदी किनारे बसे रविन्द्र नगर, खेड़ा, जगतपुरा आदि क्षेत्रों के सैकड़ों लोगों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। उनकी बात सुनने के बाद डीएम ने स्पष्ट रूप से कहा कि नदी किनारे अतिक्रमणकारियों को जाना ही होगा। पहले सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर लो फिर बचाने के लिए जन प्रतिनिधियों को लाना उचित नहीं है। श्री ठुकराल ने कहा कि इस बरसात के मौसम में लोगों का उत्पीड़न न किया जाए। यहां पर लोग पिछले कई दशकों से परिवार सहित( शेष पृष्ठ सात पर )



## कैम्प में सफाई अव्यवस्था को लेकर भड़के व्यापारी

### गुस्सायें व्यापारियों ने उपनगर आयुक्त को घेरा, सौपा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प स्थित चामुंडा मंदिर के सामने नगर निगम द्वारा कूड़ा एकत्र किये सफाई न किये जाने पर आज व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व मे व्यापारियों ने नाराजगी जताते हुए आम जनता के साथ निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर पहुंची उपनगर आयुक्त राजू नबियाल ने मौके पर पहुंचकर व्यापारियों को शांत करते हुए आश्वासन दिया कि भविष्य मे मंदिर गेट पर कूड़ा एकत्र नहीं किया जाएगा व नियमित साफ सफाई की जाएगी। व्यापारियों ने कहा कि भविष्य में कूड़ा एकत्र हुआ तो नगर निगम में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। संजय जुनेजा ने कहा कि इस स्थान पर पिछले डाला जाता है( शेष पृष्ठ सात पर )



## हिन्दुओं पर विवादित टिप्पणी पर भड़के भाजपाई,राहुल गांधी का फूंका पुतला

किच्छा/रामनगर(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विपक्ष के नेता कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का पुतला फूंक कर अपना विरोध प्रदर्शन प्रकट किया है पुतला दहन करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना था कि विपक्ष के नेता कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने संसद में हिंदू की भावनाओं से खिलवाड़ करने का प्रयास किया है जो की निंदनीय एक लोकतंत्र के प्रहरी को लोकतंत्र के सभा स्थल पर इस तरह का कृत्य नहीं करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि लोकसभा और राज्यसभा के सत्र के दौरान विपक्ष के नेता एवं नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा जिस प्रकार लोकसभा में और राज्यसभा में अहिंसा का पाठ पढ़ाते हुए देवी देवताओं के साथ उसको समझने का प्रयास किया है वह भारतीय जनता पार्टी को रास नहीं आ रहा है भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का मानना है कि राहुल गांधी द्वारा जिस तरह से देवी देवताओं का इस्तेमाल कर अपनी बात को संसद के पटल पर रखने का प्रयास किया है वह उचित नहीं है इसके लिए उन्हें देश से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए यहां पर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक सर में राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा इसे हिंदू भावना पर ठेस पहुंचाने वाला कृत्य बताया है इस अवसर पर मुख्य रूप से ठाकुर संजीव सिंह मनमोहन सिंह राम अवतार अग्रवाल मुन्नालाल पाठक महेंद्र पाल देवेंद्र कुमार शर्मा चूड़ामणि सागर सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। **रामनगर**– मंगलवार को रामनगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस एवं राहुल गांधी के खिलाफ लखनपुर चुंगी पर जमकर नारेबाजी करत( शेष पृष्ठ सात पर )





# गिन्नीखेड़ा में भू माफियाओं का जाल, अवैध प्लाटिंग

## बगैर नक्शा पास कराए तथा बगैर 143 के हो रही रजिस्ट्री, लोगों की मेहनत की कमाई पर डाका डाल रहे भूमाफिया

-मनोज श्रीवास्तव-

काशीपुर। अवैध कॉलोनीयों के खिलाफ हो रही लगातार कार्यवाही के बावजूद यहां भू माफिया आपे से बाहर है। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की सख्ती के बावजूद भू माफियाओं ने दर्जनों स्थानों पर नियम विपरीत तरीके से कॉलोनियां काट दी। अवैध प्लाटिंग करके भू माफिया विकास प्राधिकरण को लगातार चुनौती दे रहे हैं। ग्राम गिन्नीखेड़ा में गणपति अपार्टमेंट के ठीक सामने तथा आसपास भू माफियाओं ने कई स्थानों पर नियम कायदों को धता बताते हुए अवैध कॉलोनियां काट रखी है। ऐसी तमाम जमीनों पर निर्माण कार्य चल रहे हैं। सेंट मैरी स्कूल के ठीक सामने चार बीघा जमीन पर हदबंदी की जा रही है। भू माफिया की माने तो उसने कथित तौर पर प्राधिकरण से नक्शा पास कर लिया और विभाग की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली जबकि हकीकत यह है कि सीधे तौर पर भू माफिया द्वारा सरकार की राजस्व को चूना लगाने का काम किया जा रहा है।







### भूमाफियाओं ने सरकारी नाले में डाल दिया मिट्टी का मलवा

सेंट मैरी स्कूल के सामने जिस चार बीघा जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है इसी भूमि के फ्रंट से लोक निर्माण विभाग का सरकारी नाला है जिसे भू माफिया ने मिट्टी का मालवा डालकर पाट दिया। सरकारी नल पर भी भू माफियाओं द्वारा अवैध अतिक्रमण /अवैध निर्माण किए जाने की सूचना है। अब यहां मजे की बात यह है कि बरसात के मौसम में जहां एक ओर भारी बारिश का अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सुरक्षित एवं सावधान रहने की सरकार द्वारा हिदायत दी जा रही है वहीं भूमाफियाओं द्वारा सरकारी नाले पर लगातार किया जा रहा अतिक्रमण से पानी की निकासी न होने के चलते भविष्य के लिए बड़े खतरे की घंटी है।

### सरवरखेड़ा में फोरलेन के किनारे बेचे जा रहे अवैध तरीके से प्लॉट

ग्राम सरवरखेड़ा में फोरलेन के किनारे भू माफियाओं द्वारा अवैध तरीके से की गई प्लाटिंग को बेचने का काम किया जा रहा है। फोरलेन की दक्षिण दिशा में बामुश्किल 100 मीटर की दूरी पर एक बड़े भूभाग पर माफियाओं ने अवैध प्लाटिंग किया है। इस बारे में जब एक भूमिया से मोबाइल फोन पर और जानकारी लेने का प्रयास किया तो उसने बताया कि लगभग 10 वर्ष पूर्व इस जमीन पर प्लॉटिंग किया गया था। काफी हद तक माल बिक चुका है। भू माफिया आज भी सरकार के सभी नियम कायदों को ताक पर रखकर प्लॉट को गैरकानूनी तरीके से बेचने का काम कर रहे हैं। इसी स्थान पर नियम विपरीत तरीके से फोरलेन के किनारे कुछ दुकानें भी बनाई गई है। लेकिन अभी तक प्रशासन द्वारा इनके खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई न होने से भूमाफियाओं के हौसले बुलन्द है।

## विद्यार्थियों को नए आपराधिक कानून के प्रति किया जागरूक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाकर क्षेत्र के स्कूल कालेजों में छात्र छात्राओं को देश में एक जुलाई से लागू हुए नए आपराधिक कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 मंजुनाथ टीसी द्वारा नए अपराधिक कानून के लागू होने पर गुरु नानक डिग्री कॉलेज रुद्रपुर के छात्र छात्राओं को नए कानून के बारे में जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया। वहीं अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नए अपराधिक कानून के लागू होने पर जनख्रजागरूकता कार्यक्रम चलाया। नए आपराधिक कानूनों की जानकारी लेकर गुरु नानक डिग्री कॉलेज रुद्रपुर, सरदार भगत सिंह डिग्री कॉलेज रुद्रपुर, जैसीस पब्लिक स्कूल ट्रांजिट कैंप, सूरजमल डिग्री कॉलेज किच्छा के छात्र-छात्राओं के बीच पुलिस अधिकारी पहुंचे। पुलिस थानास्तर में विभिन्न प्रकार से नए कानून का प्रचार प्रसार कर रही है। एसएसपी मंजूनाथ टी सी ने बताया पुलिस द्वारा छात्र छात्राओं व आम जन मानस को जागरूक किया जा रहा है। 1 जुलाई से पूरे देशभर में नया कानून लागू हो गया है जिसका सभी को पालन करना होगा। नया आपराधिक कानून औपनिवेशिक युग के पुराने कानूनों को रिप्लेस करेगा। अपना अभियान जारी रखते हुए पुलिस द्वारा अलग-अलग थाना क्षेत्र में पैम्पलेट, पोस्टर के माध्यम से जनता को जागरुक किया एवं थाना क्षेत्रों में चौपाल लगाकर नए कानून की जानकारी दी गई। देश में लागू हुए तीन नए कानूनों के बारे में जनता को जागरूक करने के लिए उधम सिंह नगर पुलिस विभिन्न माध्यम अपना रही है।





## वनभूलपुरा से एक और युवती लापता

हल्द्वानी। शहर के वनभूलपुरा क्षेत्र से एक और युवती लापता हो गई है। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी वनभूलपुरा थाने में दर्ज कराई है। उजाला नगर वार्ड 29 निवासी सईदा बेगम पत्नी स्व. शरीक अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी पुत्री मुस्कान 29 जून को घर से बिना बताए कहीं चली गई। उसकी हर जगह ढूंढ खोज भी की गई लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। वह घर में रखी 45 हजार रूपए की नगदी,अन्य सामान भी लेकर गई है।आरोप है कि उसकी पुत्री मूलरूप से मुजफ्फरजनर हाल निवासी नूरी मस्जिद इंद्रानगर में रहने वाले एक युवक के साथ गई है।

## अधूरे निर्माणाधीन नाले शहर वासियों के लिए बने मुसीबत

### मीना बाजार, जेलकैंप में आधे अधूरे निर्माण बने दिक्कत

सितारगंज( उद संवाददाता) ।शहर के मीना बाजार और जेल कैंप रोड पर निर्माणधीन नाले बारिश के मौसम में लोगों के लिए मुसीबत बने हुए है। नालों का सड़क से तालमेल कर निर्माण नहीं किया गया है। जिस वजह से नालियों का पानी सड़कों में बह रहा है। इस दौरान नगरवासियों ने जेल कैंप रोड में नाला निर्माण धीमी गति से होने का भी आरोप लगाए गए है। निवर्तमान सभासद रवि रस्तोगी के नेतृत्व में मंगलवार को नगर वासियों ने तहसील दिवस पर प्रशासन के समक्ष शिकायत दर्ज कराई। आरोप लगाया कि मीना बाजार एवं जेल कैंप रोड पर पीडब्ल्यूडी द्वारा जो नाले बनाए गए हैं, वो रोड से ऊंचे हैं। जिस कारण बारिश का जो पानी है वह नवनिर्मित नालों में न जाकर सड़क पर भर रहा है। नालों में हॉल नहीं किए गए हैं। वारिश का समय है। हल्की बारिश से ही रोड तालाब में तब्दील हो रहे है। उन्होंने आरोप लगाया कि जेल कैंप रोड पर नाले का निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। जिससे राहगीरों के साथ ही आम जन को ट्रैफिक की वजह से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप लगाया कि मीना बाजार में जो पूर्व में नाले बने थे, उनपर सीलेप नहीं डाले गए है। जगह जगह मीना बाजार और जेल कैंप रोड पर काम को अधूरा छोड़ा गया है। जबकि ठेकेदार को पहले एक रोड का कार्य पूरा करना चाहिए था। लेकिन जगह, जगह मनमाने ढंग से कार्यों को अधूरा छोड़ा गया है। जिस वजह से पानी निकासी नहीं हो पा रही है। यदि समय रहते उक्त नालों को सुचारू कराक जल निकासी को दुरूस्त नही किया गया तो आने वाले समय में वहां जल भराव की समस्या से जुझना पड़ सकता है।जाम के साथ ही लोगो को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने अफसर से समस्या के समाधान की मांग की है। शिकायत देने वालों में अनिल कुमार, बिलाल अल्वी, राहुल रस्तोगी, रजत, दिनेश, राजपाल, नाजिम अल्वी, राधेश्याम रस्तोगी, पानू, हरिओम थे।



# भ्रष्ट अधिकारी ने दावत डकार कर कोटा कर दिया बहाल

## घोर अनियमितताओं के आरोप में किया गया था निलंबित

काशीपुर(उद संवाददाता)। विभिन्न अनियमितताओं के आरोप में पिछले लगभग 10 माह के करीब से सस्पेंड चल रही ढकिया गुलाबो स्थित सरकारी सस्ते गल्ले की एक दुकान को राशन डीलर ने अपनी फितरत से बहाल करा लिया। सूत्रों की माने तो पूर्ति विभाग के जिले के एक जिम्मेदार अधिकारी ने विवादों में घिरे राशन डीलर की दावत उड़ाई। माना जा रहा है कि इसी भ्रष्ट अधिकारी की शह पर राशन डीलर लगातार मनमानी कर रहा है। भ्रष्ट अधिकारी को बेनकाब कर इसकी असलियत सरकार व समाज के बीच लाने का काम किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक विकलांग कोटे से ढकिया गुलाबो रोड पर सरकारी सस्ते गल्ले की एक दुकान संचालित है। राशन विक्रेता शुरू से ही विभिन्न अनियमितताओं को लेकर विवादों में रहा। वह खुद दुकान पर नहीं बैठता बल्कि कुछ अपराधी व दबंग किस्म के लोगों को दुकान पर बैठाता है। जो मनमाने ढंग से कार्ड धारकों को राशन वितरण करते हैं और हड़काते भी रहते हैं। इस दुकान के खुलने का कोई समय निश्चित नहीं है। राशन वितरण में पारदर्शिता को लेकर पूर्व में दुकान पर कई बार गाली गलौज मारपीट भी हो चुकी लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों से डीलर तालमेल बिठा लेता है। लगभग 10 माह पूर्व घोर अनियमितताओं के आरोप दुकान को सस्पेंड कर दिया गया था। सूत्रों का कहना है कि डीलर ने अपनी तिकड़मबाजी के दम पर गांव के कुछ लोगों को अपने फेवर में करके उनसे कागज पर हस्ताक्षर कराए और जिले के एक विभाग के भ्रष्ट अधिकारी को दावत खिलाकर कोटा एक बार फिर से बहाल करा लिया। गांव के दर्जनों राशन कार्ड धारक राशन डीलर की हरकतों से तंग है। गरीबों के निमित्त आए राशन का बाजारीकरण करना एवं घटतोली इसकी आदत में शुमार बताया जा रहा है।बहरहाल राशन डीलर के खिलाफ गांववासियों में तीव्र रोष व्याप्त है और वह मोर्चा खोलने की तैयारी में है।

## जसपुर क्षेत्र में बड़ा गड़बड़ घोटाला,चीनी राशन में घटतोली

जसपुर। तहसील क्षेत्र की दर्जनों सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों पर राशन डीलर जमकर मनमानी कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो विभागीय अधिकारियों की खाऊ कमाऊ नीति के कारण गुलाबी कार्ड धारक यानी गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले परिवारों के हिस्से का राशन बड़ी ही सफाई से विक्रेता हड़प कर रहे हैं। एक सर्वे के बाद



चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई जिसमें जसपुर क्षेत्र के अधिकांश राशन डीलरों ने गुलाबी कार्ड धारकों को प्रति कार्ड 6 किलो चीनी देने की बजाय तीन से पांच किलो चीनी दिया। इसी तरह राशन में भी 5 से 7 किलो तक डंडी मारने का काम किया गया। राशन डीलरों का यह कारनामा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी के इशारे पर चलता बताया जा रहा है






## चोरी की तहरीर नहीं ले रही ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में घरों से मोबाईल तथा नगदी चोरी के साथ ही राहगीरों से मोबाईल झपटने की घटना सामान्य बात हो गई है। वहीं दूसरी ओर थाना पुलिस ऐसी घटनाओं की पीड़ित व्यक्ति से तहरीर न लेकर अपराधियों को और बढ़ावा देने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही है। आज भी एक पीड़िता अपने घर से गत रात्रि अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाईल व हजारों की नगदी चोरी कर ले जाने की तहरीर देने थाने पहुंची तो वहां पर तैनात पुलिस कर्मी ने उसे यह कहकर लौटा दिया कि तहरीर में मोबाईल चोरी नहीं बल्कि खोने की बात लिखवाकर लाओ। गौरतलब हो कि पीड़िता ने घटना के बाद 112 नम्बर पर पुलिस को अवगत भी कराया था। राम मूर्ति पत्नी करन निवासी राजा कालोनी वार्ड 10, थाना ट्राजिट कैम्प का कहना है कि 2 जुलाई की रात्रि करीब 12:30 बजे वह व उसका परिवार भोजन व अपना काम समाप्त कर सो गए। समय लगभग रात्रि 2:30 बजे उठकर देखा तो देखा मकान में से मोबाइल फोन व नगद 5000 हजार रुपए अज्ञात द्वारा चोरी कर लिया है। उसने तत्काल पुलिस को फोन कर घटना की सूचना दी। आज प्रातः जब वह चोरी की तहरीर लेकर थाने आई तो वहां पुलिसकर्मी ने तहरीर लेने से साफ मना कर दिया और कहा मोबाईल खोने की तहरीर लिखवाकर लाओ। थाना पुलिस की इसी कार्य प्रणाली से क्षेत्र के आपराधिक तत्वों के हौसले लगातार बढ़ रहे हैं।






# थाना प्रभारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज न होने पर कल होगा सर्वदलीय धरना–प्रदर्शन

किच्छ(उद संवाददाता)।। पंतनगर के थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह डांगी के वायरल अश्लील वीडियो के प्रकरण को लेकर कांग्रेस ने पुलिस प्रशासन पर पीड़िता के साथ न्याय न करने का आरोप लगाते हुए यहां एक संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर जिला पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह दांगी के खिलाफ एफआईआर दर्ज न की गई तो 3 जुलाई को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पर कांग्रेस सहित तमाम राजनीतिक दलों के सहयोग से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। यहां आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस के नगर का कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह उर्फ बबलू चौधरी ने कहा कि पंतनगर थाना इंचार्ज के द्वारा जो कृति किया गया है वह उत्तराखंड की देवभूमि को समाचार शर्मसार कर रहा है उन्होंने कहा कि मात्र निलंबन से काम नहीं चलने वाला पीड़िता को न्याय देने के लिए थाना



प्रभारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच करते हुए वीरता को न्याय दिया जाए उन्होंने अभी कहा कि अंकित हत्याकांड भी इसी तरह घटित हुआ था और बरेली का कांड भी कुछ इसी तर्ज पर किया गया था किंतु बरेली में तेज दलाल पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्रवाई करते हुए वीरता को न्याय दिया जा रहा है इसी प्रकार पंतनगर में भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई करते हुए पीड़िता को न्याय देना चाहिए। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों खास कर सत्ता रूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी से भी अनुरोध किया है कि यदि पुलिस द्वारा विविधता को न्याय नहीं दिया जाता है तो वह भी 3 तारीख को वरिष्ठ पुलिस तक अधीक्षक के कार्यालय पर धरना देने के में सहयोग करें क्योंकि यह एक राजनीतिक मुद्दा न होकर सामाजिक मुद्दा है और सामाजिक मुद्दे पर राजनीति करण ना करते हुए सहयोग किया जाना चाहिए। नि वर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोहली ने कहा कि जब वरिष्ठ परिषद अधीक्षक के सामने वीडियो आ चुका है तो प्रार्थना की दर्ज करने पर पुलिस प्रशासन क्यों कतरा रहा है इससे स्पष्ट होता है कि पुलिस प्रशासन आरोपी को बचना चाह रही है पत्रकारों के इस सवाल पर की वायरल वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई है के जवाब में ने वर्तमान पालिका अध्यक्ष ने कहा कि दोनों तरफ की कॉलिंग रिपोर्ट को निकाल कर सच्चाई का पटाया लगाया जा सकता है उन्होंने कहा कि आरोपी थाना अध्यक्ष ही अपने फोन पर हुई बातचीत का ब्योरा सार्वजनिक क्यों नहीं करते उन्होंने यह कहा कि 3तारीख को यदि पीड़िता के लिए न्याय संगत कार्रवाई नहीं की गई तो हजारों की तादात में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पर पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित सामाजिक लोगों को भी ले जाकर धना दिया जाएगा प्रेस वार्ता में महिला कांग्रेस नेत्री सुनीता कश्यप ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी ने भी पुलिस प्रशासन से विनीता को न्याय देने की बात कही है

## कल से दो दिन चलेगा किच्छा व्यापार मण्डल का सदस्यता अभियान

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर व्यापार मंडल के सदस्य अभियान हेतु चुनाव संचालन समिति ने कैंप लगाने के लिए तीन और चार जुलाई की तारीख निश्चित कर दी है। उक्त जानकारी देते हुए चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष सतपाल बाबा ने बताया कि प्रवंती उद्योग व्यापार मंडल की नगर इकाई के गठन हेतु चुनाव संपन्न करने के लिए प्रक्रिया गतिमान है तथा निरंतर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है जिसके लिए तीन निर्धारित स्थान पूर्व में बनाए गए थे इसके बावजूद व्यापारियों की मांग को देखते हुए एक दो दिवसीय सदस्यता अभियान शिविर का आयोजन पुरानी गल्ला मंडी स्थित मारवाड़ी मंदिर के सभागार भवन में लगाया जाएगा जहां पर सभी छूते हुए व्यापारियों को नगर व्यापार मंडल का सदस्य बनाए जाने हेतु फॉर्म भरे जाएंगे और अभिलेखों की जांच की जाएगी। चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष सतपाल बाबा ने सभी व्यापारियों से आह्वान किया है अपील की है की तीन और चार तारीख को जो भी व्यापारी व्यापार मंडल का सदस्य बनने से छूट गया है वह उक्त निर्धारित स्थान पर आकर अपने सभी अभिलेखों को दिखाते हुए सदस्य बन सकता है इसके उपरांत आए हुए सभी आवेदनों पर जांच कर सदस्यता सूची जारी कर दी जाएगी तथा सूची के आधार पर आपत्तियां मांगी जाएगी जिनका निस्तारण होने के बाद व्यापारियों के सदस्यता की सूची को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

# व्यापारियों का अहित करने में जुटे है शुक्ला–बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)। क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा अपने कार्यालय में बुलाई गई प्रेस वार्ता में कहां है कि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला व्यापार मंडल चुनाव में उनका नाम घसीट कर व्यापारियों का अहित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर व्यापार मंडल का चुनाव व्यापारियों का चुनाव है उसमें उनका कोई लेना–देना नहीं है किसी के रिश्तेदारों का किसी चुनाव समिति में होना कोई अपराध नहीं है उन्होंने कहा कि जो लोग आज चुनाव समिति पर उंगली उठा रहे हैं वही लोग 3 साल पूर्व भी इसी चुनाव समिति के सदस्य थे ।नि वर्तमान महामंत्री और कोषाध्यक्ष ने उस चुनाव समिति को निष्पक्ष करार दिया था। उस समय गुलशन सिंधी को चुनाव लड़ने में पूर्व विधायक ने जी जान से कोशिश की थी उसे समय ही चुनाव समिति पर आरोप नहीं लगाए गए थे उन्होंने कहा कि आज गुलशन सिंधी उनके साथ है तो वह गलत हो गए और जब पूर्व विधायक के साथ थे तो सही हो गए यह दोहरी नीति पूर्व विधायक चलना बंद करें जो वर्तमान पदाधिकारी आज उनसे चुनाव समिति पर आरोप लगा रहे हैं वही पदाधिकारी उनसे



ही मदद मांगने आए थे उन्होंने कहा कि मैं पूर्व विधायक से कहना चाहता हूं कि व्यापारियों के चुनाव में राजनीति हस्तक्षेप करना वह स्वयं बंद कर दें तथा व्यापारियों के चुनाव को व्यापारियों का चुनाव रहने दे। उन्होंने कहा कि वह ना तो किसी के लिए व्यापार मंडल के चुनाव में वोट मांगे जाएंगे और ना ही किसी का प्रचार प्रसार करेंगे उन्होंने यहां भी कहा कि वर्ष 2027 में विधानसभा के चुनाव होने हैं पूर्व विधायक उस चुनाव की तैयारी करें न कि व्यापार मंडल के चुनाव की । उन्होंने कहा कि अगर मेरे कोई रिश्तेदार नगर व्यापार में चुनाव समिति में है तो कोई गुनाह नहीं है मैंने ना तो जिला अध्यक्ष को और ना हीं प्रदेश अध्यक्ष को फोन किया है जबकि पूर्व विधायक जिला अध्यक्षों और प्रदेश अध्यक्षों से वार्ता करते फिर रहे हैं जिससे साबित होता है कि और विधायक ही व्यापार मंडल चुनाव में हस्तक्षेप कर व्यापारियों का नुकसान कर अपना हित साधना चाहते हैं उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक पूर्व विधायक अपने लेटर पैड पर विधायक की लिख रहे हैं वह कई स्थानों पर उनके लेटर पैड देख चुके हैं यह मामला भी हुए विधानसभा में उठाएंगे उन्होंने फिर आग्रह किया है कि व्यापारी के के चुनाव निष्पक्ष होने दें तथा इस पर राजनीति न करें जो लोग उनसे मदद मांगने आ रहे हैं यह उनका विवेक है कि वह उसकी मदद करते हैं या नहीं लेकिन मैं यह स्पष्ट कर रहा हूं कि नगर व्यापार मंडल के चुनाव में जो भी जीतेगा मैं उसका तहे दिल से स्वागत करूंगा और ना ही मैं व्यापार मंडल के चुनाव में हस्तक्षेप कर रहा हूं और ना ही करूंगा उन्होंने कहा कि जो भी व्यापारी चुनाव लड़ना चाहता है वह सह चुनाव लड़े तथा जो प्रत्याशी जीतेगा उसका मैं स्वागत अवश्य करूंगा उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा किसी भी संगठन में विघटन नहीं कराया गया है यह आरोप लगाना पूर्व विधायक बंद करें उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पूर्व विधायक 2027 की तैयारी करें ।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम PAWAN KUMAR से बदल कर PAWAN KUMAR JUNEJA रख लिया है मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

**पवन कुमार जुनेजा पुत्र मदन लाल,जुनेजा फार्म किच्छा उधमसिंहनगर**


### आवश्यकता है

रूद्रपुर में इलैक्ट्रोनिक्स शोरूम हेतु **एकाउन्टेन्ट** की। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता। सम्पर्क करे– 7017228152 9837446000

# जेसीज में छात्र छात्राओं को दी नए आपराधिक कानूनों की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जेसीज पब्लिक स्कूल में एस.पी क्राइम ब्रांच के प्रमुख चंद्रशेखर गोडके ने अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित सभी छात्र व छात्राओं को नए आपराधिक कानूनों के संबंध में जानकारियाँ दीं। छात्रों ने इस कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रमुख प्रावधानों के बारे में गहराई से जानकारी प्राप्त की। छात्रों ने यहाँ पर विभिन्न न्यायिक प्रक्रियाओं, जैसे गिरफ्तारी, जांच, अनुसंधान और न्यायिक संदर्भ में अपने ज्ञान को मजबूत किया। इस संहिता के माध्यम से न्यायिक प्रक्रिया में सुधार, व्यावसायिकता, और समाज में न्याय की स्थापना में भागीदारी का संदेश भी दिया गया। इसी श्रृंखला में आगे उन्होंने धारा 1860, 1898, और 1872 के तहत बदलाव की जानकारियाँ भी दीं। चंद्रशेखर गोडके ने विस्तार से समझाया कि इन धाराओं में किए गए संशोधन किस प्रकार से समाज को अधिक सुरक्षित और न्यायपूर्ण बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि धारा 1860 के तहत अपराध और दंड के प्रावधानों में किए गए बदलावों की भी जानकारी दी ,तथा धारा 1898 के तहत पुलिस और न्यायिक प्रक्रियाओं में सुधार, और धारा 1872 के तहत साक्ष्य अधिनियम में संशोधन कैसे प्रभावशाली एवं कारगर हैं और पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा की गई हैं। इस जानकारी से छात्रों को न केवल कानूनी प्रावधानों की बेहतर समझ मिली, बल्कि वे अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति भी अधिक जागरूक हुए। इस सत्र के माध्यम से छात्रों में कानून के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण प्रयास किया गया। उन्होंने इस बात की भी जानकारी दी कि प्च्ब में विभिन्न अपराधों की श्रेणियाँ शामिल हैं जैसे कि हत्या, चोरी, अपहरण, दुर्भाग्यपूर्ण घातकता, धोखाधड़ी, इत्यादि । यह संहिता भारत में कानूनी न्याय की बुनियाद है और अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए प्राथमिक स्रोत के रूप में उपयोग होती है। प्च्ब के प्रावधानों का पालन करना, समाज के न्याय और सुरक्षा को



सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अंत में, उन्होंने बच्चों के मन में चल रही शंकाओं को बहुत अच्छे तरीके से सुलझाया। चंद्रशेखर गोडके ने बड़े धैर्य और सरल भाषा में छात्रों के सभी सवालों के उत्तर दिए, जिससे बच्चों की शंकाओं का समाधान हुआ। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया कि वे किसी भी कानूनी समस्या या अपराध संबंधी शंका होने पर "संकलन" एप डाउनलोड करने की और संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने की सलाह दी। उनके इस मित्रवत और ज्ञानवर्धक रवैये से बच्चे बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने कार्यक्रम का पूर्ण लाभ उठाया। विद्यालय प्रबंधन के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने कहा कि शिक्षा के साथ -साथ विद्यार्थियों में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की भी आवश्यकता है । साथ ही निर्देशक महोदय ने विद्यालय की ओर से उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते हुए उनका आभार प्रकट किया और भविष्य में ऐसा ही जागरूकता अभियान चलाने का आग्रह किया ।थानाध्यक्ष ट्रांजिटकैंप द्वारा लिए गए जनहित में उठाए गए इस कदम की सराहना की । अंत में, स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवेश मेहरा ने श्री चंद्रशेखर गोडके और उनकी टीम का धन्यवाद किया और इस प्रकार के कार्यक्रमों की महत्ता पर बल दिया।उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को कानूनी जानकारी देकर उन्हें भविष्य में अधिक सतर्क और सुरक्षित नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया ।

# विधायक ने व्यापारियों के साथ किया वेंडिंग जोन का निरीक्षण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने नगर निगम के सामने बन रहे वेंडिग जॉन का निगम अधिकारियों व व्यापारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया और कार्य मे तेजी लाने को कहा। इस दौरान लोहिया मार्किट व्यापारियों ने वेंडिग जॉन के संदर्भ मे कहा कि इसका चोड़ीकारण 8 के स्थान पर 10 फुट कर दिया जाये और हाईट भी 8 के स्थान पर 10 करने की बात कही। भ्रमण के दौरान व्यापारियों ने कहा कि टीन शेड से बन रहे वेंडिग जोन में करेंट का खतरा बना रहेगा। उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी ने विधायक व व्यापारियों को अश्वस्त किया कि इसके लिये टेक्निशियन से इसका ठोस समाधान निकलवाएंगे जिससे किसी भी प्रकार की भविष्य में



घटना न हो। विधायक ने उपनगर आयुक्त से कहा कि व्यापारियों की प्रमुख तीन माग हैं जिनका समाधान होना चाहिए और आने वाले समय मे हटाये गये लोहिया मार्केट और समोसा मार्किट के लोगों द्वारा यहां अपनी आजीविका चलानी है तो ऐसे में सुविधा व्यापारियों के अनुकूल हो ओर सभी विषयो पर विचार कर उने समाधान की तरफ सकारात्मक रूप से आगे बढ़ें। व्यापारियों के हित में प्रशासन ही सारे निर्णय ले। जिस पर नगर उपायुक्त ने तीनों मागों को देखते हुए अगले तीन दिन मे रीवाइज ड्राइंग बनने की बात कही जिसमे चौड़ाई ऊंचाई बढ़ाने की बात व्यापारियों द्वारा की गयी है ,उसके अनुसार हीं आगे ड्राइंग बनने की बात कही। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, आशु ग्रोवर, इंद्रजीत, कोषाध्यक्ष संदीप राव, राजेश कामरा, मनोज मदान, विनोद ठुकराल,पवन गाबा, नवीन जोशी, परवेज खान, हर्ष रावल व अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने हाल में ही स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त अंतर को कम करने के लिए अंतर विश्लेषण (गैप एनालिस) पर राज भवन में आयोजित बैठक के संबध में विस्तृत चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि यह बैठक बेहद सार्थक संपन्न हुई है



जिसके अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि गैप एनालिस बैठक के सुझावों हेतु कमेटी बनायी जा रही है जो सुझावों का अध्ययन कर जल्द ही अपना प्रस्तुतीकरण कैबिनेट के समक्ष देगी।इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अन्य विषयों पर भी राज्यपाल को जानकारी दी और बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अभी तक 5 हजार गावों को टीबी मुक्त किया जा चुका है साथ ही नि:क्षय मित्र के माध्यम से टीबी रोगियों की सहायता करने में प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्यपाल के मार्ग-निर्देशन में यह अभियान सुचारू चल रहा है जिसकी राज्यपाल द्वारा समय-समय पर समीक्षा की जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए उनकी सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष की गई है।

# अग्रवाल समाज ने मीरा मार्ग स्थित प्याऊ का कराया जीणोद्धार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महाराजा अग्रसेन युवा समिति द्वारा मीरा मार्ग स्थित प्याऊ के जीणोद्धार का कार्यक्रम आधिकारिक रूप से संपन्न हुआ। सर्वप्रथम अध्यक्ष विपुल अग्रवाल व अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग द्वारा संयुक्त रूप से पूजा की गई। उसके पश्चात रिबन काटकर प्याऊ की शुरुआत की गई। अध्यक्ष विपुल अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 1999 को महाराजा अग्रसेन युवा समिति द्वारा इस प्याऊ का निर्माण कराया गया था। इस कार्यकारिणी ने प्राथमिकता रखते हुए इसके जीणोद्धार का कार्य सभी के सहयोग से पूर्ण कराया। इस मौके पर मुख्य रूप से युवा समिति महामंत्री कनव अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल सभा सुशील अग्रवाल पप्पी, अग्रवाल सभा महामंत्री मनोज अग्रवाल, अरुण अग्रवाल पिंटू, निवर्तमान पार्षद राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना, देवेश अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, डॉ पंकज अग्रवाल,असीम सिंघल,अभिषेक गर्ग,सरिल गोयल, अजय अग्रवाल मुन्ना आदि थे।



# दुर्घटना रोकने को चलाया चेकिंग अभियान,159 चालान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।जनपद के पर्वतीय क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए परिवहन विभाग द्वारा 28 जून से 30 जून के मध्य सघन चौकिंग अभियान चलाया गया तथा वाहन चालको को दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु जागरूक भी किया गया। सम्भागीय परिवहन अधिकारी संदीप सैनी ने कहा 28 जून से 30 जून के मध्य पर्वतीय क्षेत्रों ओवरलोडिंग यात्री वाहन, भार वाहन में यात्री ढोना, शराब का सेवन बिना परमिट, टैक्स, फिटनेस, बीमा आदि अभियोगों में प्रवर्तन की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया प्रवर्तन टीम द्वारा विकास खण्ड बेतालघाट मार्ग में बस के 04 व टैक्सी मैक्स 31, दो पहिया वाहन, 09 अन्य वाहन 28 कुल चालान 72 हुए तथा ओखलकांडा मार्ग में बस के चालान 08, टैक्सी मैक्स 45, वह दोपहिया वाहन के 13 तथा अन्य वाहनों के 21 कुल चालान 87 किये गये। श्री सैनी ने वाहन चालकों से अपील की है कि मानसून का सीजन है इसको देखते हुये वाहन चालक अपने वाहनों में यात्रा के दौरान दुर्घटना के बचाव हेतु मानकों अनुपालन करना सुनिश्चित करें।




# मार्ग चौड़ीकरण में पेड़ों को सुरक्षित रखने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल के नेतृत्व में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया। जिसमें नगर में सड़क को चौड़ीकरण के नाम पर पेड़ों का अंधाधुन कटान से पर्यावरण को होने वाले खतरे से आगाह किया गया एवं आम, लीची, कटहल के बगीचे जो अंधाधुंध काटे जा रहे हैं उनको भी रोक लगाने की मांग की गई। श्री गोयल ने कहा कि इन पेड़ों को सरक्षित कर अन्य जगह स्थापित किया जाए। पेड़ों के अन्धाधुंध कटान के चलते तापमान ने सारे रिकार्ड तोड़ दिये है। पेड़ों के कटान पर अंकुश लगाया जाये। ज्ञापन देने वालों में हर्ष सिंह



जलाल, नेत्र बल्लभ जोशी, राकेश वर्मा, कार्तिक दास, डॉक्टर वारसी, अमित बुढलाकोटि, आफताब आलम,अतुल गुप्ता, योगेश कांडपाल आदि व्यापारी थे।

# चिल्ड्रन पार्क की बदहाली को लेकर कमिश्नर से की मुलाकात

नैनीताल(उद संवाददाता)। भवाली की समस्याओं के संबंध में नगर स्थित चिल्ड्रन पार्क की बदहाली को लेकर कुमाऊँ कमिश्नर दीपक रावत से मिले उत्तराखंड बेरोजगार संघ के नैनीताल विस अध्यक्ष पवन रावत व सचिव कबीर शाह जहां उन्होंने चिल्ड्रन पार्क की बदहाल स्थिति से आयुक्त को अवगत कराया व चिल्ड्रेन पार्क की वीडियो व फुटेज भी आयुक्त को दिखाए। इस दौरान पवन रावत व कबीर साह ने कहां की भवाली मे चिल्ड्रन पार्क तो बना दिया गया परंतु उसके रखरखाव में पालिका विफल रही हैं जिसमे लगे सार्वजनिक जिम के उपकरण व कई झूले टूट चुके हैं, जगह जगह पूरे पार्क में रोड़े पत्थर और कई कंकर कांच के टुकड़े बिखरे हुए हैं व लम्बें समय से साफ सफाई न होने के कारण झाड़ियां बिच्छू और जंगली घास उग आई हैं बच्चों को चोट लगने का खतरा बना हुआ हैं और कई बच्चों को चोट लग भी चुकी हैं व इसकी एक ओर शिप्रा नदी की तरफ भी कोई रेलिंग व सुरक्षा दिवार नही हैं जिस कारण बच्चों के नदी मे गिरने का भी खतरा बना हुआ हैं, पार्क में बच्चों की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होने से कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। इसलिये पार्क में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करते हुये पार्क का शीघ्र ही सौन्द्रयीकरण कराया जाये। ताकि क्षेत्रवासी पार्क का उपयोग कर सके। जिस पर कुमाऊँ कमिश्नर ने भवाली नगर पालिका ईओ को 8 जुलाई को कार्यलय मे चिल्ड्रेन पार्क के फोटोग्राफ के साथ उपस्थित होने के आदेश दिए, इसके साथ ही कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने भवाली खेल मैदान को लेकर भी जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाने को लेकर युवाओ को आश्वस्त किया।

# उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष मजहर नईम 4 को रूद्रपुर में

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि उपाध्यक्ष उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग मजहर नईम नवाब 4 जुलाई को 11 बजे विकास भवन सभागार में जन-जानकारी अभियान कार्यक्रम एवं जनपदीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेगें। उन्होने अधिकारियों से कहा है कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित समस्त सूचनाओं सहित निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर उपस्थित होकर प्रगति रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें।



# बाढ़ संभावित इलाकों में बसे लोगों को विस्थापित करने के निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबंधन विनय रूहेला की अध्यक्षता में उत्तराखण्ड आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई।उपाध्यक्ष में कहा वर्षा काल प्रारम्भ हो गया है सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहे। उन्होने कहा कि मौसम विज्ञान के पूर्वानुमान की सूचना नियमित दी जा रही है अधिकारी संज्ञान लेते हुये कार्य करें। आने वाले दिनों में भारी वर्षा का पूर्वानुमान है आईआरएस (इंस्टैन्ट रिस्पोन्स सिस्टम) व नोडल को अलर्ट रहने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने कहा कि सड़क बन्द होने पर त्वरित गति से कार्य करते हुये कम से कम समय में यातायात सुचारू किया जाये।उपाध्यक्ष ने कहा नदियों में जलस्तर बढ़ने पर पैनी नजर रखे व अलार्म सिस्टम चालू रखे। उन्होंने नदियों के जलस्तर बढ़ने अथवा बाढ़ स्थिति से पूर्व नदी किनारे बसे लोगों को विस्थापित करने के निर्देश दिये। उन्होने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा सभी जिला आपदा कन्ट्रोल रूम राज्य आपदा कन्ट्रोल रूम से जुड़े है आपदा सूचनाएं त्वरित दे ताकि ससमय सहयोग दिया जा सकें। उन्होने कहा जनपद में उपलब्ध संचाधनों को चिन्हित कर ले तथा स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत, खाद्य, सड़क महकमों को तैयारियां रखने के निर्देश दिये।अपर सचिव आपदा आंनद स्वरूप ने खाद्य आपूर्ति अधिकारियों को फूड पैकिट बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होने आपदा न्यूनीकरण की जानकारियां ली।वर्चुअल बैठक में अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी ने बताया कि जनपद मुख्यालय व तहसील स्तर पर आपदा कन्ट्रोल रूम 24 घंटे संचालित है तथा कर्मचारियों की तैनाती कर दी गयी है। उन्होने बताया कि 29 बाढ़ चौकियां व 08 बाढ़ नियंत्रण केन्द्र संचालित है जिनमे कार्मिकों की भी तैनाती की गयी हैं। सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश पूर्व में ही जारी कर दिये गये है। बाढ़, आपदा, जल भराव संभावित क्षेत्र चिन्हित किये गये है साथ ही विस्थापन व आश्रय हेतु स्थान/विद्यालय चिन्हित किये गये है। नदी, नालो की सफाई कर दी गयी है व कुछ पर कार्य जारी है तथा 10 नदियों व जलाशयों की भी डिसिल्टिंग कार्य कर दिये गये है तथा 32 आपद न्यूनीकरण कार्य भी किये गये है। जनपद में जल भराव की दृष्टि से 52 संवेदनशील व 72 अतिसंवेदनशील स्थान चिन्हित है। उन्होने बताया जेसीबी की तैनाती कर दी गयी है व उनमे जीपीएस भी लगाये गये है साथ ही उपलब्ध आपदा उकरणों की टेस्टिंग (संचालित जांच) की गयी है। चिकित्सा विभाग द्वारा आपदा व डेंगू से निपटने के लिये तैयारियां की है ताथा पर्याप्त दवाईयां उपलब्ध है चिकित्सालयों में डेंगू वार्ड बनाये गये है। बैठक में उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, एसीएमओ डॉ0 राजेश कुमार, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी, जिला युवा कल्याण बीएस रावत, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पाण्डे, जल निगम ज्योति पालनी, विद्युत विजय सकारिया, लोनिवि ओपी सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 एसबी पाण्डे, मुख्य अग्निशमन अधिकारी इशान कटारियां सहित काफी संख्या में अधिकारी मौजूद थे।



# थानाध्यक्ष गदरपुर ने दी नये तीन कानूनों की जानकारी

## पुलिस द्वारा रैली निकाल कर लोगों को नए कानूनों के प्रति किया जागरूक

गदरपुर(उद संवाददाता)। 1जुलाई से भारत आपराधिक न्याय के एक नई युग की शुरुआत हो गई है। देश में आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो रहे हैं नए कानून से मुकद्दमे जल्दी निपटेंगे और तारीख पर तारीख के दिन लद जाएंगे सोमवार को गदरपुर थाना प्रांगण में थानाध्यक्ष जसवीर चौहान के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें थाना क्षेत्र के गणमान्य लोगों को बुलाकर नए कानून से संबंधित जानकारी दी थानाध्यक्ष जसवीर चौहान ने बताया कि एक जुलाई की तारीख शुरू होने के बाद घटित हुए सभी अपराध नए कानून में दर्ज किए जाएंगे साथ ही आधुनिक तकनीक का भरपूर इस्तेमाल ओर इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यो को कानून का हिस्सा बनाने से मुकदमों के जल्दी निपटारे का रास्ता आसान हुआ है। इस दौरान गूलरभोज वर्तमान अध्यक्ष तरुण दुबे,भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, पंकज सेतिया,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शफीक उर्फ भूरा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रिजवान हुसैन, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शराफत अली मंसूरी, सहित दर्जनों पुरुष महिलाएं मौजूद रहे। वहीं थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान के नेतृत्व में पूरे नगर क्षेत्र में पुलिसकर्मियों द्वारा रैली निकालकर लोगों को तीन नए कानूनों की जानकारी देते हुये इनके प्रति जागरूक किया गया।





# राज्यपाल से की श्रमिक नेताओं पर लगे मुकदमे हटाने की मांग

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सीएनजी टेंपो यूनियन अध्यक्ष सुब्रत कुमार विश्वास के नेतृत्व में टेम्पो चालकों ने तहसीलदार दिनेश कोटला के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमें सिडकुल की डॉल्फिन फैक्ट्री के श्रमिक नेताओं



पर थोपे मुकदमे वापस लेने के लिए अपने स्तर से कार्रवाई करने का आग्रह किया गया। उनका कहना था कि एक साजिश के तहत श्रमिक नेताओं पर मुकदमे दर्ज किये गये है। इस दौरान टेंपो यूनियन के दिनेश भट्ट, इंद्रपाल कौशल, सचिन, रमेश, तप विश्वास, सोमपाल, राजेंद्र, वसीम अहमद, रिजवान खान, दलजीत सिंह, विक्की विश्वास, दिनेश मंडल, राकेश चौहान, विनोद प्रजापति आदि मौजूद थे।

# भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया सैलून का शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। हरियाणा हेयर सैलून के नाम से श्री राम डेरी वाली गली में एक नये प्रतिष्ठान का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुडिया व भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना के साथ संयुक्त रूप से रिबन काटकर प्रतिष्ठान स्वामी दिलशाद जी को शुभकामनाएं प्रेषित कर बधाई दी गई।इस मौके पर प्रतिष्ठान स्वामी दिलशाद,केलाखेड़ा मंडल अध्यक्ष महेंद्र कालड़ा,मनोज शर्मा, मूलचंद कालड़ा,नूर खान, पप्पू खान,भूरा खान,संदीप कंबोज,गोपी कंबोज,मामा जी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# नए कानूनों को लागू करने का निर्णय वापस ले सरकार: पांडेय

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। केंद्र सरकार नए कानूनों को लागू करने का निर्णय वापस ले और इन्हें संसद में पुन: पेश करे। एक बयान में भाकपा माले जिला सचिव कैलाश पाण्डेय ने कहा कि भाकपा माले केंद्र सरकार द्वारा तीन नयी फौजदारी संहिताओं - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जो कि लागू हो गई हैं, के बारे में गंभीर चिंता प्रकट करते हुए मांग करती है कि सरकार इन तीन फौजदारी कानूनों को लागू करने का निर्णय वापस ले और इन्हें संसद में पुन: पेश करे ताकि इनकी सही जांच परख हो सके और इन पर चर्चा हो सके। उन्होंने कहा कि इन संहिताओं द्वारा मूलभूत नागरिक स्वतंत्रताएं, जैसे बोलने की स्वतंत्रता, एकत्र होने की स्वतंत्रता, किसी के साथ जुडने की स्वतंत्रता, प्रदर्शन करने की स्वतंत्रता और अन्य नागरिक अधिकारों को अपराध की श्रेणी में लाने के लिए कई कठोर प्रावधान किए गए हैं। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है, यहां तक कि भूख हड़ताल को अपराध की श्रेणी में डाल दिया गया है।इन संहिताओं में पुलिस को अनियंत्रित शक्तियां दे दी गयी हैं, जिनका देश में नागरिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पुलिस अभिरक्षा की अवधि को वर्तमान 15 दिन से बढ़ा कर 60 या 90 दिन अपराध की प्रकृति के अनुसार कर दिया गया है, जो कि आरोपी व्यक्ति को धमकाए जाने,उत्पीड़न और खतरे में डालेगा। भारत के अपराध न्याय ढांचे को सुधार की अत्याधिक जरूरत है, लेकिन तीन फौजदारी कानून इसका जवाब नहीं हैं।




## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### मानसून पर सरकार की विफलता

मानसून में बारिश एक स्वाभाविक चक्र है, लेकिन शहरों-महानगरों के लिए अब इसे एक तकलीफदेह दौर के रूप में जाना जाने लगा है। शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में हुई बरसात के बाद जैसे हालात पैदा हुए, वह जितना बारिश का नतीजा है, उससे ज्यादा इसके लिए सरकार और समूची व्यवस्था की लापरवाही, अदूरदर्शिता और कुप्रबंधन जिम्मेवार है। कुछ घंटों की बारिश के बाद दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में जिस तरह व्यापक जलजमाव देखा गया, सड़कों पर पानी भर गया, बस और कार जैसे वाहन उसमें फंस गए, यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ, वह कोई नई घटना नहीं है। जब भी यहां कुछ घंटे ज्यादा बारिश होती है, तो उसके बाद समूचा जनजीवन लगभग ठप्प हो जाता है। हालत यह है कि दिल्ली के केंद्रीय इलाकों में भी पानी भर जाता है और लोगों के सामने कई तरह की मुश्किलें पैदा होती हैं। सवाल है कि क्या इससे उपजी अव्यवस्था के लिए केवल बरसात को बहाना बनाया जा सकता है। आखिर हर वर्ष ऐसी स्थिति पैदा होने के बावजूद इससे सबक क्यों नहीं लिया जाता और बरसात के पहले ही ऐसे इंतजाम क्यों नहीं किए जाते कि सड़कों या मुहल्लों में जलजमाव न हो? यह उम्मीद की जाती है कि देश की राजधानी होने के नाते बाकी जगहों के मुकाबले दिल्ली में सरकारी तंत्र और प्रशासन के स्तर पर ऐसी चौकसी होगी कि मौसम या किसी भी वजह से उपजी अव्यवस्था से तत्काल निपटने के ठोस इंतजाम होंगे। मगर सामान्य बारिश में भी दिल्ली के कई इलाकों के सड़कों-मुहल्लों में नालियां और बड़े नाले जाम हो जाते हैं। नतीजतन, समूचा पानी सड़क पर बहता देखा जाता है। संबंधित सरकारी महकमे समय रहते पानी की निकासी के लिए एक बेहतर तंत्र को सक्रिय करने को लेकर शायद ही कभी गंभीर दिखते हैं।आम लोगों के स्तर पर भी लापरवाही बरती जाती है, जब लोग अपने घर से कचरा निकालते हैं और सड़क किनारे नालियों या नालों में डाल देते हैं। इसकी वजह से जाम होने वाली नालियां मुख्य सड़कों तक पर व्यापक जलजमाव का कारण बनती हैं। सिर्फ पानी की निकासी की व्यवस्था को ही पूरी तरह दुरुस्त बना कर इस समस्या पर लगभग काबू पाया जा सकता है। विडंबना यह है कि सरकारी तंत्र की नींद तब तक नहीं खुलती, जब तक अव्यवस्था न फैल जाए!

## खाईबाड़ी करता एक सट्टेबाज गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए एक खाई बाड़ को गिरफ्तार किया है जिसके पास से हजार रुपए की नगदी सहित सट्टे में प्रयुक्त पर्चियां बरामद हुई। काठगोदाम चौकी प्रभारी फिरोज अहमद को मुखबिर ने सूचना दी की एक युवक चांदमारी के समीप सट्टे की खाई बाड़ी कर रहा है सूचना पाकर पुलिस ने दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर खाई बाड़ को धर दबोचा और उसकी तलाशी जिसके पास से 1080 रुपए सहित सट्टे में प्रयुक्त पर्चियां बरामद हुई खाई बाढ़ ने पुलिस को अपना नाम करण गुप्ता उर्फ राहुल गुप्ता निवासी चांदमारी काठगोदाम बताया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय में भेज दिया।

# इस मंदिर में छिपा दुनिया खत्म होने का एक रहस्य

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले से करीब 90 किमी दूर पाताल भुवनेश्वर गुफा मंदिर स्थित है। इस मंदिर का जिक्र पुराणों में भी किया गया है। देश-दुनिया में भगवान शिव को समर्पित कई मंदिर से लेकर गुफाएं मौजूद है, जो अपनी अलग-अलग रहस्यों के कारण प्रसिद्ध है। इन्हीं गुफाओं में से एक है उत्तराखंड में स्थित पाताल भुवनेश्वर मंदिर। माना जाता है कि इस मंदिर में दुनिया खत्म होने का एक रहस्य छिपा हुआ है। माना जाता है कि यह मंदिर समुद्र तल से करीब 90 फीट गहरी है। इसके साथ ही गुफा प्रवेश द्वार से 160 मीटर लंबी है। जानिए पाताल भुवनेश्वर मंदिर के बारे में।

**कहां है पाताल भुवनेश्वर मंदिर?**

बता दें, पाताल भुवनेश्वर मंदिर उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के गंगोलीहाट में स्थित है। यह मंदिर में भगवान शिव के दर्शन के लिए किसी पहाड़ नहीं बल्कि गुफा में जाना पड़ता है। पाताल भुवनेश्वर मंदिर देवदार के घने जंगलों से घिरा हुआ है। उत्तराखंड में स्थित इस मंदिर में छिपा है दुनिया के खत्म होने का राज। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले से करीब 90 किमी दूर पाताल भुवनेश्वर गुफा मंदिर स्थित है। इस मंदिर का जिक्र पुराणों में भी किया गया है। पाताल भुवनेश्वर गुफा मंदिर में काफी रहस्य छिपे हुए है। देश-दुनिया में भगवान शिव को समर्पित कई मंदिर से लेकर गुफाएं मौजूद है, जो अपनी अलग-अलग रहस्यों के कारण प्रसिद्ध है। इन्हीं गुफाओं में से एक है उत्तराखंड में स्थित पाताल भुवनेश्वर मंदिर। माना जाता है कि इस मंदिर में दुनिया खत्म होने का एक रहस्य छिपा हुआ है। माना जाता है कि यह मंदिर समुद्र तल से करीब 90 फीट गहरी है। इसके साथ ही गुफा प्रवेश द्वार से 160 मीटर लंबी है। बता दें, पाताल भुवनेश्वर मंदिर उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के गंगोलीहाट में स्थित है। यह मंदिर में भगवान शिव के दर्शन के लिए किसी पहाड़ नहीं बल्कि गुफा में जाना पड़ता है। पाताल भुवनेश्वर मंदिर देवदार के घने



जंगलों से घिरा हुआ है। पुराणों के अनुसार, पाताल भुवनेश्वर इकलौता ऐसा मंदिर माना जाता है जहां से चारों धाम यानी केदारनाथ, बद्रीनाथ, अमरनाथ के दर्शन होते हैं। गुफा में केदारनाथ, बद्रीनाथ, माता भुवनेश्वरी, आदि गणेश, भगवान शिव की जटाएं, सात कुंड, मुक्ति द्वार, धर्म द्वार व अन्य देवी देवताओं के आकृतियों को देख सकते है

**किसने की थी पाताल भुवनेश्वर मंदिर की खोज?**

माना जाता है कि पाताल भुवनेश्वर मंदिर में 33 कोटि देवी-देवता निवास करते हैं। इस मंदिर की खोज की बात करें, तो पुराणों त्रेता युग में सूर्य वंश के राजा ऋतुपर्ण ने की थी, जो उस समय अयोध्या में शासन करते थे। इसका उल्लेख मानस खंड और स्कंद पुराण में किया गया है। इसके बाद द्वापर युग में पांडवों ने इस मंदिर को खोजा था। जहां पर उन्होंने भगवान शिव के साथ चौपड़ खेला था। इसके बाद जगत गुरु शंकराचार्य ने करीब 819 ई में इस गुफा की खोज की थी और उन्होंने ही राजा को जानकारी दी थी। इसके बाद राजाओं के द्वारा ही गुफा में पूजा कार्य के लिए पुजारियों (भंडारी परिवार) को लाया गया था।

**मौजूद है भगवान गणेश का कटा हुआ मस्तक**

हिंदू पुराणों के अनुसार, जब भगवान शिव से क्रोधित होकर भगवान गणेश का सिर धड़ से अलग कर दिया था। बाद में माता पार्वती के कहने पर गणेश जी को हाथी का सिर लगाया गया था। वहीं, जो सिर भगवान शिव ने अलग किया था। माना जाता है कि वह पाताल भुवनेश्वर गुफा में मौजूद है। इस गुफा में गणेश जी का कटा शिला रूपी मूर्ति के ठीक ऊपर 108 पंखुड़ियों वाला ब्रह्मकमल रूप में एक चट्टान मौजूद है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, पाताल भुवनेश्वर मंदिर में चार द्वार मौजूद है। जिनका नाम क्रमश: और द्वार, पाप द्वार, धर्म द्वार और मोक्ष द्वार है। माना जाता है कि जब लंकापति रावण की मृत्यु हुई थी तब पाप द्वार बंद हो गया था। इसके बाद महाभारत के युद्ध के बाद रण द्वार बंद हो गया था। अब सिर्फ दो ही द्वार खुले है।

**पाताल भुवनेश्वर मंदिर क्यों माना जाता है खास?**

पाताल भुवनेश्वर मंदिर काफी खास माना जाता है। यह गुफा अपने आप पर रहस्यों से भरी हुई है। कहा जाता है कि यहां पर चार खंभे है, जो युगों के हिसाब से यानी सतयुग, त्रेतायुग, द्वापर युग और कलयुग नाम से हैं। कलयुग खंभे को छोड़कर किसी खंभे में कोई बदलाव नहीं है। यह खंभा तीनों खंभों से ज्यादा लंबा है। इसके साथ ही यहां पर शिवलिंग का आकार तेजी से बढ़ रहा है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार माना जाता है कि जब यह शिवलिंग गुफा की छत को छू लेगा,तब दुनिया खत्म हो जाएगी।

**कैसे पहुंचे पाताल भुवनेश्वर मंदिर?**

इस मंदिर आप रेल, हवाई और सड़क मार्ग से जा सकते हैं। सबसे पास हवाई अड्डा पंतनगर है। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन टनकपुर है। पिथौरागढ़ से करीब 90 किलोमीटर दूर यह गुफा स्थित है। अगर आप मंदिर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो अच्छा समय मार्च से जून और सितंबर से नवंबर तक है।

## कचरे की सफाई के सत्यापन को नोडल अधिकारी तैनात

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी शिवचरण द्विवेदी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र हल्द्वानी क्षेत्र में नालों की सफाई हेतु पूर्व में नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई थी। कतिपय कारणो के कारण कई नोडल अधिकारी सेवानिवृत्त, स्थानान्तरण आदि होने के कारण सम्बन्धित वार्डों में संशोधित नोडल अधिकारियों को नामित किया जाता है। अपर जिलाधिकारी ने तैनात सभी नोडल अधिकारियों को आदेशित किया है कि आवंटित वार्डों में नालों, नालियो में सफाई एवं जल प्रवाह की स्थिति का निरीक्षण करते हुये 4 जुलाई बुधवार तक वार्डवार सम्बन्धित नगर निकायों के नालों, नहरो का स्थलीय निरीक्षण कर आख्या फोटोग्राफ के साथ ससमय देना सुनिश्चित करें।

## चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए डा.रखोलिया सम्मानित

हल्द्वानी। वाडोकाई कराटे संघ ने चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डा. ललित मोहन रखोलिया को सम्मानित किया। साथ ही संघ ने उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की। अपेक्षा भी जताई कि डा. रखोलिया द्वारा जिस तरह से मरीजों की सेवा की जा रही है, वह उसे उसी प्रकार जारी रखेंगे। वाडोकाई कराटे संघ की ओर से शहर के एक होटल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डा. ललित मोहन रखोलिया को संघ के अध्यक्ष ललित पंत पूर्व दर्जा राज्यमंत्री उत्तराखंड सरकार एवं कार्यक्रम संयोजक शिहान उदयवीर सिंह (ब्लैक बैल्ट 7वां डॉन) द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने डा. रखोलिया द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस मौके पर महेंद्र सिन्हा, पंकज जायसवाल, प्रियंका त्रिपाठी सहित कई लोग मौजूद रहे। डा. रखोलिया को यह सम्मान मिलने पर नगर वासियों ने उन्हे बधाई दी है

## अध्यात्म ही युवाओं को सही मार्गदर्शन दे सकता है-प्रशांत

हल्द्वानी। प्रशांत अद्वैत फाउंडेशन के संस्थापक व पूर्व सिविल सेवा अधिकारी आचार्य प्रशांत ने कहा है कि जिस प्रकार स्वामी विवेकानंद ने देश की युवा शक्ति को जगाकर उन्हें अध्यात्म की ओर प्रेरित किया।उसी तरह आज पुन: युवा पीढ़ी को सही मार्गदर्शन की जरूरत है विवेकानंद के विचार युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत माने जाते है। बता दें कि आईआईटी व आईआईएम से शिक्षा ले चुके आचार्य प्रशांत पूर्व सिविल सेवा अधिकारी रह चुके हैं। आचार्य प्रशांत ने प्रशासनिक सेवा अधिकारी का पद त्यागकर जलवायु परिवर्तन, महिला सशक्तीकरण, पशु क्रूरता रोकने ,समाज सुधार और युवाओं के लिए, काम कर रहे हैं। आचार्य प्रशांत ने अद्वैत लाइफ-एजुकेशन और प्रशान्त अद्वैत फाउंडेशन की स्थापना कर पिछले बीस सालों में यूट्यूब और फेसबुक के माध्यम से देश-विदेश के करोड़ों लोगों को अध्यात्म से जोड़ा है। आचार्य ने बताया कि हमेशा से ही अध्यात्म को प्रौढ़ों और बुजुर्गों से जोड़कर देखा जाता रहा है, लेकिन आज के दौर में युवा पीढ़ी भी अध्यात्म के प्रति जागरूक हो चुकी है। यही वजह है कि संस्था का यूट्यूब चौनल आज एशिया में पहले स्थान पर पहुंचा है संस्था के यूट्यूब चौनल पर 50 मिलियन से भी अधिक सब्सक्राइबर हो चुके हैं इसके अलावा अंग्रेजी, तेलगु व अन्य भाषाओं के चैनल अलग हैं। उन्होंने कहा कि अध्यात्म ही एक ऐसी कुंजी है जो इंसान को मुश्किल हालातों से बाहर निकालने में मदद करती है। आज के समय की सभी समस्याओं को दूर करने के लिए बहुत जरूरी है कि युवा पीढ़ी आगे आए। आचार्य प्रशांत ने कहा कि युवा पीढ़ी का समाज को आकार देने, किसी भी धरणा को पुख्ता करने और ऊर्जा को बल देने में अहम स्थान होता है। ऐसे में उन्हें सार्थक राह पर ले जाने के लिए हम सभी को प्रयासरत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक शोषण, प्रकृति का दोहन, पशुओं के प्रति अपराध, भोगवाद और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं को दूर करने और युवाशक्ति में अध्यात्म का संचार करने का चुनौतीपूर्ण काम उनकी संस्था कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सही मार्ग पर ले जाना ही इस युग का धर्म है। आचार्य प्रशांत ने शहीद भगत सिंह का उदाहरण देते हुए युवा पीढ़ी से अपील कि जो अपनी सम्पूर्ण ऊर्जा को सार्थक मार्ग पर लगाते हैं। वे ही खुद के लिए और समाज के लिए उदाहरण बन पाते हैं।



## सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी

गरुड़(उद संवाददाता)। नहरों में पानी चलाए जाने की मांग को लेकर तैलीहाट की महिलाएं सिंचाई उपखंड कार्यालय आ धमकी। महिलाओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि रोपाई का समय जा रहा है, लेकिन सिंचाई विभाग अब तक नहरों में पानी नहीं चला पाया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि शीघ्र नहरों में पानी नहीं चला तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगी। सोमवार को ऑफिस खुलने से पहले ही तैलीहाट की महिलाएं सिंचाई उपखंड बैजनाथ कार्यालय में आ धमकी। महिलाओं ने धरना-प्रदर्शन करते हुए कहा कि रोपाई का समय जा रहा है, नहरों में पानी नहीं चल रहा है। ऐसे में कैसे रोपाई होगी। उन्होंने कहा कि यदि समय पर रोपाई नहीं लगी तो, उनकी धान की नर्सरी खराब हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कई बार लिखित व मौखिक रूप से कहने के बावजूद भी सिंचाई विभाग पानी नहीं चला रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दो-तीन दिन के भीतर नहरों में पानी नहीं चलाया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान पूर्व प्रधान कमला देवी, कमला काला, रजनी देवी, मोहनी देवी, पुष्पा देवी, विमला देवी, कविता देवी, तारा देवी, सुशीला देवी,विजयी कुमार,लता,आदि उपस्थित थे। इधर सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता महेश चंद्र पुनेठा ने महिलाओं को शीघ्र जल्द नहर में पानी चलाए जाने का आश्वासन दिया।



## देवदार का पौधा रोपकर की वर्षाकालीन पौधारोपण की शुरुआत

गरुड़(उद संवाददाता)। वृक्षप्रेमी व वाटर हीरोज दिनेश लोहनी वर्षाकाल में घर-घर, गांव-गांव जाकर पांच हजार पौधे रोपेंगे। कौसानी के सौड़धार से उन्होंने इसकी शुरुआत कर दी है। उन्होंने कौसानी में देवदार का पौधा रोपा और लोगों से वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। वृक्षप्रेमी दिनेश लोहनी 1997 से लगातार पौधारोपण करते आ रहे हैं। पौधे वे स्वंय अपनी नर्सरी में तैयार करते हैं। कौसानी के सौड़धार निवासी आनंद सिंह बिष्ट के घर में देवदार का पौधा रोपते हुए वृक्षप्रेमी लोहनी ने बताया कि उन्होंने इस वर्षाकालीन सीजन में विभिन्न गांवों में जाकर पांच हजार पौधे रोपने का लक्ष्य रखा है। जिसकी शुरुआत रविवार को कौसानी के सौड़धार गांव से हो चुकी है। उन्होंने कहा कि आज पौधे तो रोपे जा रहे हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा नहीं हो रही है, जिससे वे एक पेड़ बनने से पूर्व ही नष्ट हो जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रोपित पौधों को पांच साल तक अपनी संतान की तरह देखभाल करनी होगी। तभी ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निजात मिलेगी। इस मौके पर जानकी बिष्ट ने रोपित देवदार के पौधे की देखभाल की जिम्मेदारी ली। इस दौरान आनंद सिंह बिष्ट, ठाकुर सिंह परिहार समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।



# डीएम के जनता दरबार में आई १९ शिकायतें, शीघ्र निस्तारण के निर्देश

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने सोमवार को तहसील सभागार में जन समस्याएं सुनी। साथ ही जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी के समक्ष लोंगो ने सड़क, पेयजल, विद्युत, राशन कार्ड एवं अन्य से संबंधित 19 समस्याएं शिकायतें आई।जिलाधिकारी ने जनता की समस्या सुनीं और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की छोटी-छोटी व्यवहारिक समस्याओं का समाधान समय से करने के कर फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता में रखते हुए समाधान करें।उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों के निस्तारण करने के प्रति संवेदनशील रहें। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि सीमएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों का निश्चित समयावधि में सकारात्मक निवारण किया जाय। प्रत्येक दिन अधिकारी अनिवार्य रूप सीएम हेल्पलाईन पोर्टल में लांगइन करें। सभी अधिकारी जन शिकायतों के समाधान के लिए शिकायतकर्ताओं से स्वंय नियमित संवाद करें। साथ ही जिलाधिकारी ने अधिकारियों से मुख्यमंत्री जनसमर्पण पोर्टल को भी नियमित लांगइन करने के निर्देश दिए। तहसील सभागार में आयोजित जनता दरबार में मेहनरबूंगा, बैणी माधो वार्ड के ग्रामीणों ने गांव में पेयजल की किल्लत बताते हुए पेयजल आपूर्ति सुचारू करने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने ईई जल निगम को समस्या का समाधान करते हुए एक



सप्ताह में आंख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं ग्रामीणों ने मेहनरबूंगा बाईपास सड़क मार्ग में डामरीकरण कराने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने ईई लोनिवि को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। छरिया लीली गांव निवासी हरीश राम ने दिव्यांग बहन का बैंक खाता खोलने की मांग रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने लीड बैंक अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आनंद सिंह निवासी सैज ने तोक हरसौन में सीसी मार्ग व सुरक्षा ग्रिल लगाने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को मौका मुआयना करते हुए आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। पंतक्वैराली के ग्राम प्रधान रमेश पाठक ने क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की समस्या बताते हुए जंगली जानवरों से निजात दिलाने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। जनता दरबार में मंडलसेरा पीपलचौक निवासियों ने क्षेत्र में पेयजल की समस्या बताते हुए पानी की आपूर्ति सुचारू करने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने ईई जल संस्थान को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। नौगांव के ग्रामीणों ने पानी के एक कनेक्शन के दो बिल आने की शिकायत करते हुए बिलों में सुधार की मांग की। ग्रामसभा पौडीधार के ग्रामीणों द्वारा ग्रामसभा में किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी बागेश्वर को जांच कर आंख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। माधवी देवी निवासी अवलीगाड ने राशन कार्ड बनाने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनता दरबार में बिशन सिंह निवासी पुडकुनी ने कीवी के बागान में हो रहे भू-कटाव को रोकने के लिए चौकडैम एवं सुरक्षा दीवार लगाने की मांग की वहीं भगवती प्रसाद टम्टा निवासी ग्राम नदीला द्वारा वन पंचायत बजॉ नदीला में अग्नि सुरक्षा से बचाव हेतु कार्य करने की मांग की। इस दौरानजनता दरबार में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, उप जिलाधिकारी मोनिका, मुख्य शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह सोन, डॉ हरीश पोखरिया, ईई सिंचाई केके जोशी,जल निगम वीके रवि,डीएसओ मनोज कुमार बर्मन आदि जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने चलाया जनजागरूकता अभियान

बागेश्वर(उद संवाददाता)।पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोण्डे द्वारा जनपद के समस्त अधिकारियों/ थाना प्रभारियों को स्कूल/कॉलेजों में नए कानूनों की जानकारी, "नशा मुक्त /बाल अपराध /साइबर जागरूक्ता अभियान" चलाने के निर्देश दिए गए हैं।पुलिस उपाधीक्षक अंकित कण्डारी के पर्यवेक्षण में सभी थाना प्रभारियों द्वारा एक जुलाई 2024 से लागू हो रहे भारत सरकार द्वारा जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए, पूर्व से प्रचलित तीन कानूनों में बदलाव कर बनाये गए नए कानूनों की जानकारी देने हेतु थाना क्षेत्रों में चौपाल लगाकर लोगों को नये कानूनों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए उनकी विशेषताओं के बारे में समझाया गया। साथ ही स्थानीय बाजार में पोस्टर/पंपलेट के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया गया।भारत सरकार द्वारा आईजीओटी कर्णयोगी एप्प



लॉन्च किया गया है जिसमें नये कानून से सम्बन्धित जानकारी दी गई है। पुलिस द्वारा आम जनता को नए कानून के बारे में जागरुक किया जा रहा है।पुलिस द्वारा मौजूद लोगों को नशे के दुष्परिणामों के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने तथा देवभूमि को नशा मुक्त करने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गयी । इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता सम्बन्धित पैम्पलेट चिपकाये गए तथा लोगों को वितरित किये गये।इस दौरान कोतवाली में सीओ अंकित कंडारी, कोतवाल कैलाश नेगी, एसएसआई संजय बृजवाल, एसआईसतपाल सिंह, महिला हेल्पलाइन प्रभारी मीना रावत, कपकोट में थानाध्यक्ष कैलाश बिष्ट, कांडा में खुशवंत सिंह एसएसआई खष्टी बिष्ट सहित अन्य थानों में जागरूकता शिविर लगाकर गणमान्य लोगों को नए कानून और नशामुक्ति अभियान के बारे में जागरूक किया गया।

# बोलेरो चालक की मौत के मामले में दो गिरफ्तार

बागेश्वर(उद संवाददाता)।राजस्व क्षेत्र भैरुचौबट्टा में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक की मौत के बाद परिजनों द्वारा दी गई तहरीर और मृतक के द्वारा भेजी गई वीडियो पोस्ट के आधार पर मृतक के आखिरी संदेश पर नामजद्द दोनों आरोपियों को घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार किया गया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्टर प्रकाश चंद्र पुत्र केशर राम निवासी ग्राम भैरुचौबट्टा द्वारा राजस्व पुलिस क्षेत्र चौंरा मे मृतक मनोज कुमार के हत्या के संबंध में दो नामजद लोगों के विरुद्ध तहरीर दी थी, जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मामले को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द करने की मांग की थी, वही जिलाधिकारी के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस को मामला स्थान्तरित होते ही कोतवाल कैलाश नेगी ने तत्काल पुलिस टीम1का गठन कर मामले में मृतक द्वारा जारी वीडियो के आधार पर नामजद्द आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया। पुलिस ने नवीन नाथ उर्फ नब्बू पुत्र मंगल नाथ, कौशल चंद उर्फ नीरज कुमार पुत्र जगतराम निवासी भैरुचौबट्टा को तुरंत गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी, जहां पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों को प्राप्त साक्ष्यों और वीडियो फुटेज और अन्य तथ्यों के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। वही मामले में तत्काल पुलिस द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार करने पर सराहना की है।

# सपाईयों ने अखिलेश यादव का मनाया जन्मदिन

गदरपुर(उद संवाददाता)। सोमवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन धूमधाम एवं हर्सोल्लास के साथ मनाया। जन्मदिन की खुशी में सपा कार्यकर्ताओं ने शिव अवतार शर्मा और हर्ष शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हर्ष शर्मा के निवास पर केक काटा और मिष्ठान का वितरण किया। इस मौके पर सभी कार्यकर्त्ताओं ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर हर्ष शर्मा ने कहा कि मृदु स्वभाव के धनी अखिलेश यादव देश के लोकप्रिय जमीनी नेता है। उनकी कार्यशैली से सभी लोग प्रभावित है। उनके कुशल नेतृत्व के कारण आज



समाजवादी पार्टी देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। उनके मुख्यमंत्री रहते हुए उत्तर प्रदेश के विकास को गति मिली थी और प्रदेश ने विकास के मामले में नए आयाम स्थापित किये थे। उन्होंने समाजवादी पेंशन, कन्या विद्याधन, लैपटॉप वितरण, मुफ्त दवाई, मुफ्त सिंचाई, कामधेनु योजना, लोहिया आवास, कृषक दुर्घटना बीमा, डायल 100 आदि जनहित की अनेक योजना चलाई थी, जिसका लाभ सभी वर्गों के लोगों बिना किसी भेदभाव के मिला था। हम सभी कार्यकर्ताओं को उनके जन्मदिन पर उनकी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिये। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष शिव अवतार शर्मा, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला महासचिव हर्ष शर्मा, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के गदरपुर विधानसभा अध्यक्ष करन सिंह, गुलाम जिलानी, सुहेल, इमरान, रागिब आदि कार्यकर्ता मौजूद थे

# अग्रवाल महिला समिति की पायल अध्यक्ष व राधिका महामंत्री बनी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महाराजा अग्रसेन भवन में अग्रवाल महिला समिति के नये सत्र के चुनाव हेतु एक सभा का आयोजन अग्रवाल महिला समिति ने किया। जिसमे सभी उपस्थित सदस्यों एवं पूर्व अध्यक्षों की सहमति से 2024- 25 की नई कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पायल अग्रवाल, उपाध्यक्ष सपना गुप्ता, महामंत्री राधिका अग्रवाल, उप महामंत्री एकता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वैशाली अग्रवाल, संयोजिका आशा गोयल को चुना गया। इस दौरान मंजू अग्रवाल, चित्रा बंसल, प्रीती गोयल, रीता अग्रवाल, सविता अग्रवाल, राखी जैन, राजकुमारी अग्रवाल, रूचि अग्रवाल, दीपाली अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, प्रिया गुप्ता व अन्य अनेक सदस्य उपस्थित थे। नवनिर्वाचित अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्षा पायल अग्रवाल व महामंत्री राधिका अग्रवाल ने कहा कि समिति द्वारा जनहित में निरन्तर कार्य कराते रहेंगे। साथ ही महिला समिति को मजबूत करने के लिये अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ा जायेगा।



## पेज एक का शेष...

**तीसरी बार पीएम..........**सांप्रदायिक आधार पर लोगों को बांटने का आरोप लगाया गया था। इसका सत्ता पक्ष ने भारी विरोध किया था, प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस नेता पर पूरे हिंदू समुदाय को हिंसक कहने के लिए हमला बोला था।रिजिजू ने कहा कि गठबंधन की बैठक में एनडीए नेताओं ने मोदी को उनके श्ऐतिहासिकश तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री ने सांसदों से मीडिया के सामने टिप्पणी करने से पहले किसी भी मुद्दे का अध्ययन करने को कहा और कहा कि उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्रों के संपर्क में रहना चाहिए और मतदाताओं को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहिए।

**करंट लगने से पुलभट्टा.........**उनको करन्ट की चपेट से अलग कर उपचार हेतु मौके से उठाकर थानाध्यक्ष रविन्द्र सिह विष्ट,उनि. धीरज वर्मा, चालक प्रवीण कुमार के साथ सरकारी अस्पताल किच्छा भेजा गया। घटना के सम्बन्ध मे उच्चाधिकारी को भी अवगत कराया गया। सरकारी अस्पताल पहुँचने पर चिकित्सको ने सुरेश पसबोला को प्रथम उपचार दिया। परंतु स्वास्थ्य मे कोई सुधार न होने पर उन्हे निजी अस्पताल लालपुर ले जाया गया। जहाँ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी किच्छा भी मौजूद थे। मौके से ही अउनि सुरेश पसबोला के परिजनो को घटना क्रम की सूचना दी गयी। निजी अस्पताल द्वारा अउप नि सुरेश पसबोला को मृत घोषित किया गया। 42 वर्षीय सुरेश पसबोला पुत्र स्व. पृथ्वीधर पसबोला मूल रूप से ग्राम नैणी थाना पट्टी लंगूर पो0 बडके जिला पौडी के निवासी थे।

**डीएम की दो टूक............**निवास कर रहे हैं। यदि इन्हें उजाड़ा गया तो इनके समक्ष तमाम परेशानियां आएंगी। उजाड़ने से पूर्व इनके लिए स्थाई आवास की व्यवस्था की जाए। रविन्द्र नगर में कल्याणी नदी के समीप 15◦30 का प्लाट देकर बसाया गया था और बताया गया था कि आप लोग अब उक्त स्थान के स्वामी है तथा यहाँ के स्थाई निवासी है तथा यह कोई अतिक्रमण की जगह नहीं है। जिस वक्त लोगो को उक्त स्थान पर बसाया जा रहा था तब निगम एवं उपजिलाधिकारी द्वारा किसी प्रकार के अतिक्रमण के बारे नहीं बताया गया था और ना ही किसी प्रकार का नोटिस ही लगाया गया था। वर्तमान में कल्याणी नदी के मध्य से 120 मीटर दोनों तरफ अतिक्रमण हटाने का आदेश हुआ है जिसमें हजारों परिवारो के मकान चपेट में आ रहे है। इसलिए सभी परिवारों के प्रति कार्रवारी रोका जाना जनहित में है। इस दौरान दुर्गेश मौर्य, विक्रम सिंह, रंजन विश्वास, सत्यजीत मंडल, काली ठाकुर, समरेश विश्वास, कविता सरकार, फरजान, अबरार, शौकत अली, शाहजहां, फातिमा, राधा देवी, शकुंतला, सावित्री, पृथ्वीराज, सुभाष मंडल, कमला विश्वास, रंजीत मंडल, परितोष, सुखदेव, साबिर, काजल, रुखसाना, शालिनी, अंजली, गीता, मधु, नूरी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

**कैम्प में सफाई अव्यवस्था........**परंतु उसे रोजाना उठाया नहीं जाता। जिससे यह हमेशा दुर्गंध बनी रहती है। साथ ही संक्रामक रोग भी फैलते हैं। उन्होंने कहा कि यहां ठीक सामने चामुण्डा देवी का मंदिर है जहां सैकड़ों श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए आते हैं। गंदगी और दुर्गंध से उन्हें भी परेशानियों से जूझना पड़ता है। जुनेजा ने कहा कि वाहनों के आवागमन से एकत्रित किया कूड़ा सड़क पर फैल जाता है। वर्षा के दौरान यह कूड़ा लोगों के लिए मुसीबत बन जाता है। इस दौरान महामंत्री मनोज छाबड़ा, लघु उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता, विकास बंसल, सुरेंद्र गुप्ता, विशाल गुप्ता, राकेश अधिकारी, सचिन सक्सेना, राजकुमार सिंह, मिश्री लाल, जितेंद्र राठौर, वीरपाल, कमल सोनकर, राजू सक्सेना, धर्मवीर सिंह आदि सहित अनेको व्यापारी तथा क्षेत्रवासी मौजूद थे।

**हिन्दुओ पर विवादित टिप्पणी.........**हुए प्रदर्शन किया और कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार की जनता में बढ़ती लोकप्रियता को लेकर कांग्रेस और उसके नेता पूरी तरह बौखला गए हैं उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपना आपा खो बैठे हैं उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने संसद के अंदर हिंदू समाज के लोगों का अपमान कर उन्हें गाली देकर हिंदू समाज को शर्मसार करने का काम किया है जिसे कभी माफ नहीं किया जाएगा उन्होंने कहा कि राहुल गांधी हिंदू समाज से सार्वजनिक माफी मांगे उन्होंने कहा कि आज सनातनी हिंदू अपने देश व धर्म की रक्षा को लेकर पूरी तरह एकजुट है और राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान आज हिंदू समाज में रोष बढ़ने लगा है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)



गुरु माँ
A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये
घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में
आज ही डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन
SBI
CASH BACK UPTO 5%*
BAJAJ FINSERV
CASH BACK WEEKEND UPTO 7500*
आधार लाये उधार ले जाइये
VOLTAS
DAIKIN
MITSUBISHI ELECTRIC
AMSTRAD
HITACHI
Carrier
SAMSUNG
BLUE STAR
IFB
Whirlpool
LLOYD
रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338